राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

'साइबर सुरक्षा हैकाथॉन' के समापन सत्र में राज्यपाल मिश्र ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सकारात्मक उपयोग करने का किया आह्वान

कम्प्यूटर जनित अपराध रोकने के लिए पुलिस प्रभावी वैज्ञानिक तंत्र विकसित करे –राज्यपाल

जयपुर, 18 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि कम्प्यूटर जनित अपराध रोके जाने के लिए पुलिस कोई ऐसा वैज्ञानिक तंत्र विकसित करे जिससे साइबर अपराधों की प्रभावी रोकथाम हो सके। उन्होंने साइबर अपराध रोके जाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सकारात्मक उपयोग अपराध रोके जाने किए जाने पर भी जोर दिया।

श्री मिश्र गुरूवार को राजस्थान इन्टरनेशन सेंटर में राजस्थान पुलिस द्वारा आयोजित पहले 'साइबर सुरक्षा हैकाथॉन' के समापन सत्र में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध विश्वभर में आज तेजी से बढ़ रहे हैं। वित्तीय और व्यक्ति की निजी गरिमा के हनन से जुड़े डीप फेक अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए भी व्यवस्थित रूप में निरंतर कार्य हो। उन्होंने पुलिस द्वारा साईबर अपराध होने पर तुरंत हरकत में आते हुए इसके लिए प्रभावी पुलिस तंत्र विकसित किए जाने का भी आह्वान किया।

राज्यपाल ने ओटीपी लेकर बैंक से पैसे हड़पने, नेटबैंकिंग पर सेंध लगाकर खाते से राशि निकालने और ऐसे ही भ्रमित कर और भी बहुत सारी वित्तीय धोखाधड़ियां और निजता हनन करने से जुड़े अपराधों की चर्चा करते हुए हुए इस संबंध में शोध, अनुसंधान और कंप्यूटर आंकड़ों के विश्लेषण की शिक्षा को बढ़ावा देने की भी आवश्यकता जताई।

इस अवसर पर राज्य के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि साइबर अटैक अच्छे और बुरे के बीच युद्ध है। उन्होंने कहा कि एआई के लिए युवाओं की प्रतिभा को अवसर प्रदान करने और पुलिस को मजबूत सक्षम करने के लिए और अधिक प्रयास किए जाएं। उन्होंने राजस्थान पुलिस द्वारा साइबर अपराध जांच और भविष्य की कार्य योजना वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप करने की आवश्यकता जताई।

पुलिस महानिदेशक श्री यू.आर. साहू ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम डा. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के विकास के साथ विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस हेकाथन में 36 घंटे बैठकर साइबर क्राइम रोके जाने पर दल गठित कर कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि विजेता दल नकद पुरस्कार का प्रावधान किया गया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर साइबर अपराध शोध, विश्लेषण और अन्य महती कार्य दलों के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने पूर्व में सभी को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय श्री संजय अग्रवाल ने सभी का आभार जताया।

―――――

HACKATHON 1.0
17-18 JAN 2024
HACKATHON 1.0
17-18 JANUARY 2024
Rajasthan International Centre, Jaipur
RAJASTHAN POLICE
HACKATHON 1.0
17-18 JAN 2024

RAJASTHAN POLICE
HACKATHON 1.0
17-18 JANUARY 2024
1st RUNNER-UP
Rajasthan Police HACKATHON 1.0
1st Runner-up
Pay Crypto Currency Flow Investigation
The Sum of One Lakh Fifty Thousand Only
₹ 1,50,000
RAJASTHAN POLICE
HACKATHON 1.0
17-18 JAN 2024

RAJASTHAN POLICE
HACKATHON 1.0
17-18 JAN 2024
RAJASTHAN POLICE
HACKATHON 1.0
17-18 JANUARY 2024
WINNER
Rajasthan Police HACKATHON 1.0
1st Prize Winner
Pay Dark Web Monitoring
The Sum of Two Lakh Fifty Thousand Only
₹ 2,50,000
RAJASTHAN POLICE
HACKATHON 1.0
17-18 JAN 2024